10.02.25 वकील वादी उपस्थित। आज भी प्रतिवादीगण की तलबी हेतु रजिस्टर्ड एडी. समन पेश करना नहीं पाते हैं। प्रतिवादीगण की तलबी हेतु बार-बार निर्देश दिए जा रहे हैं परन्तु वादी की ओर से कोई रुचि से प्रतिवादीगण की तलबी का स्टेप नहीं लिया है। पर्याप्त अवसर दिया जा चुका है और अवसर दिया जाना उचित नहीं समझते हैं। अतः दावा वादी तलबी के अभाव में खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसला शुमार होकर बाद तकमील हो। हस्ब जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।